आईआईएम रांची: एग्जीक्यूटिव एमबीए के लिए अब 5 तक कर सकेंगे आवेदन

सिटी रिपोर्टर|रांची

आईआईएम रांची 2024-26 सत्र में एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब 5 दिसंबर तक इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवंबर निर्धारित थी। आवेदन शुल्क दो हजार रुपए निर्धारित है। इसमें संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। एग्जिक्यूटिव एमबीए दो वर्षीय कोर्स है। इमसें कुल 6 टर्म होंगे। जिसमें 111 क्रेडिट मिलेंगे। एक टर्म में 7 से 9 दिन तक ऑफलाइन क्लास होंगे। वहीं हर शनिवार व रविवार को ऑनलाइन क्लास लिए जाएंगे। इसमें आवेदन करने के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 50 प्रतिशत अंक से ग्रेजुएट और कम से कम तीन साल का फुलटाइम वर्क एक्सपीरियंस होना चाहिए। इसमें आवेदन करने वालों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, इसके बाद पर्सनल इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

Dainik Bhaskar, 29.11.2023, P.2